प्रपत्र - 3

10

प्रेषक,

अरविन्द सिंह ह्यांकी,
प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

देहरादून: दिनांक 07 जून, 2016

लोक निर्माण अनुभाग-2

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न 09 कार्यों की प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत संलग्न विवरणानुसार उपलब्ध कराये गये विभिन्न 10 कार्यों के प्रारम्भिक आगणनों, जिनकी कुल लम्बाई 25.40 किमी0 + 02 सेतु तथा लागत ₹ 199.42 लाख है, पर विभागीय टी0ए0सी0 द्वारा औचित्यपूर्ण पाई गई लागत ₹ 199.42 लाख (₹ एक करोड़ निन्यानवे लाख बयालीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में संलग्नक के कॉलम सं0-5 पर उल्लिखित विवरणानुसार प्रति कार्य ₹ 0.10 लाख अर्थात कुल 09 कार्यों हेतु ₹ 0.90 लाख (₹ नब्बे हजार मात्र) की धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन में रखे जाने की माननीय श्री राज्यपाल निम्नांकित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(i)- उक्त स्वीकृति के आधार पर विभाग द्वारा समस्त प्रक्रियात्मक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा तदोपरान्त शासनादेश सं0:-1764/III(2)/10-17(सामान्य)/2008 दिनांक 17 जून, 2010 की व्यवस्थानुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(ii)- आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शेडयूल आफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति पर नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(iii)- कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। यदि प्रथम चरण हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि मे बचत हो रही है तो उसका समायोजन विस्तृत आगणन तैयार करते समय किया जायेगा।

(iv)- कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरूप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(v)- आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

(vi)- स्वीकृत किये जाने वाला कार्य उत्तराखण्ड प्रोक्योरमेन्ट रूल्स-2008 एवं उक्त के विषय में समय-समय पर निर्गत समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बजट मैनुअल के निर्देशों का भी अनुपालन किया जायेगा।

(vii)- मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0:- 2047/XIV-219(2006) दिनांक 30-05-2006 द्वारा निर्गत आदेशों का कार्य कराते समय या आगणन गठित करते समय कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(viii) उक्तानुसार स्वीकृत आगणनों में एन0पी0वी0, भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग आदि मदों के सम्बन्ध में यथा:स्यक व्यय अनुदान सं0-22-लेखाशीर्षक-5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04 जिला तथा अन्य सड़कें- आयोजनागत-800-अन्य व्यय-05-सड़क/भवन/सेतु आदि हेतु भूमि अधिग्रहण -00-24 वृहत निर्माण कार्य में विभागीय आय-व्ययक में प्राविधानित निवर्तन पर रखी गयी धनराशि से किया जायेगा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०

7/6/16

... स्वीकृत किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का सम्पूर्ण दायित्व सम्बंधित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

i- वर्तमान में व्यय हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय 31-03-2017 तक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि स्वीकृत कार्य के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होती है तो उसका व्यय संगत मद में बजट में रखी गई धनराशि से नियमानुसार किया जायेगा।

ii) यदि स्वीकृत किये जा रहे कार्यों में से कोई कार्य अथवा उसका कोई भाग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत है अथवा उसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया जा सकता है, तो ऐसे कार्य की स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

iii) प्रथम चरण के कार्य हेतु यदि किसी अन्य समरूप कार्य हेतु पूर्व में कराई गई डिजाइन/मानक, पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से विषयगत कार्य हेतु प्रयोग की जा सकती है, तो मितव्ययता की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तदनुसार कार्यवाही की जाय।

2) इस संबंध मे होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0-22-लेखाशीर्षक-5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04 जिला तथा अन्य सड़कें -आयोजनागत -800-अन्य व्यय-03 राज्य सेक्टर-02 नया निर्माण कार्य-24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3) यह आदेश वित्त अनुभाग-2 के अशासकीय संख्या-114(A)/XXVII(2)/2015 दिनांक- 31 मई, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
रामनगर

भवदीय,

(अरविन्द सिंह ह्यांकी)
प्रभारी सचिव

संख्या- 1870 (1)/III(2)/16-69(प्रा0आ0)/2015 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा प्रथम), ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, माजरा देहरादून।
2. आयुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी उत्तराखण्ड।
4. सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड।
5. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. वित्त अनुभाग-2, उत्तराखण्ड शासन।
7. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
9. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(ए0एस0पांगती)
उप सचिव

Photo Copy AlhR

सहायक अभियन्ता ( )
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
रामनगर (नैनीताल)

शासनादेश सं0–1670 / III(2)/16–69(प्रा0आ0)/2016 दिनांक 07 जून, 2016 का संलग्नक

(धनराशि लाख ₹ में)

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई किमी0 में | कुल स्वीकृत लागत। | चालू वित्तीय वर्ष में अवमुक्त की जा रही धनराशि। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–टिहरी के विकास खण्ड चम्बा के अन्तर्गत भागीरथीपुरम महड डोबरा मार्ग से ग्राम पंचायत नवागर के अन्तर्गत गैर बागी नामे तोक को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 2.50 | 36.25 | 0.10 |
| 2 | जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र–थराली के विकास खण्ड घाट के अन्तर्गत बरबग से महादेव ताल तक लिंक रोड़ का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 5.00 | 63.50 | 0.10 |
| 3 | जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र–चकराता के अन्तर्गत लोहवा क्यानू मोटर मार्ग से छाउव, किलटीली, ब्राहड, बाड़ा के पुनः निर्माण व सुधारीकरण का कार्य। (प्रथम चरण) | 4.00 | 0.82 | 0.10 |
| 4 | जनपद देहरादून के विधान् सभा क्षेत्र–चकराता के अन्तर्गत दुणया बैण्ड से कोटीयारा होयसा चनीयारा, हिडका, गोणा कलैथा बस्ती मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 8.00 | 42.56 | 0.10 |
| 5 | जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र–गंगोत्री के विकास खण्ड डुण्डा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ेथ के अन्तर्गत गल्या नाने तोक में 27.00 मी. विस्तार के पैदल लोह सेतु का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 27 mtr. | 1.73 | 0.10 |
| 6 | जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र–गंगोलीहाट के अन्तर्गत थर्प बड़ेत बाफिला मोटर मार्ग के किमी. 2 से कमदीना–बगदोली–बजेत मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 4.00 | 47.20 | 0.10 |
| 7 | जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र–कालाढुंगी के अन्तर्गत कोटाबाग क्षेत्र (गजारी) पाण्डेगांव में गोलज्यू मन्दिर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 0.500 | 0.50 | 0.10 |
| 8 | जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र–यमुनोत्री के विकास खण्ड नौगांव के अन्तर्गत निराणी पैदल मार्ग के हनुमान गंगा पर पैदल पुल का निर्माण कार्य। | 54 mtr. | 2.16 | 0.10 |
| 9 | जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–घनसाली के विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत बुढ़ाकेदार अंयारखाल लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | 1.40 | 4.70 | 0.10 |
| | योग:– | 25.40 + 02 | 199.42 | 0.90 |

( कुल ₹ नब्बे हजार मात्र)

प्रमाणित

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
रामनगर

( ए0एस0पांगती )
उप सचिव

बजट आवंटन वित्तीय वर्ष - 20162017

Secretary, PWD (S038)

आवंटन पत्र संख्या - 1870/III(2)/16-19(P.E.)/2016

अनुदान संख्या - 022

अलॉटमेंट आई डी - S1606220052

आवंटन पत्र दिनांक 03-Jun-2016

HOD Name - Chief Engineer PWD (4227)

लेखा शीर्षक
5054 - सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय
04 - जिला तथा अन्य सड़कें
800 - अन्य व्यय
03 - राज्य सेक्टर
02 - नया निर्माण कार्य

Plan Voted

| मानक मद का नाम | पूर्व में जारी | वर्तमान में जारी | योग |
|---|---|---|---|
| 24 - वृहत निर्माण कार्य | 1040000 | 90000 | 1130000 |
| | 1040000 | 90000 | 1130000 |

Total Current Allotment To Head Of The Department In Above Schemes - 90000

छायाप्रति सत्यापित

(अरविन्द सिंह ह्यांकी)
सचिव, लोक निर्माण विभाग
उत्तराखण्ड शासन।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो० नि० वि०
रामनगर